>

Title: Need to open more ticket counters and provide better passenger facilities at Khurja Railway Station in Gautam Buddha Nagar Parliamentary Constituency, Uttar Pradesh.

श्री सुरेन्द्र सिंह नागर (गौतम बुद्ध नगर): उत्तर प्रदेश राज्य के गौतम बुद्ध नगर संसदीय क्षेत्र के अंतर्गत खुर्जा जंक्शन एक महत्वपूर्ण रेलवे स्टेशन है। इस स्टेशन से बड़ी संख्या में रेलगाड़ियों का आवागमन होता है तथा दिल्ली के निकट होने के कारण यहां से प्रतिदिन बड़ी संख्या में यात्री दिल्ली एवं अन्य स्थलों के लिए अपने कामकाज के सिलसिले में आते-जाते हैं।

लेकिन, इस स्टेशन पर रेल सुविधाओं का भारी अभाव है। हालांकि रेलवे द्वारा यहां पर चार टिकट खिड़कियों की स्थापना एक वर्ष पूर्व की गई थी, मगर इन सभी खिड़कियों में कर्मचारी तैनात न होने की वजह से टिकट वितरण का कार्य अभी तक प्रारंभ नहीं हो सका है। वर्तमान में खुर्जा जंक्शन पर सुबह के समय केवल दो खिड़कियों के माध्यम से ही टिकट बांटी जाती है, जो रेलवे यात्रियों की संख्या को देखते हुए नगण्य है।

अतः मेरा माननीया रेल मंत्री जी से अनुरोध है कि खुर्जा जंक्शन पर जरूरी मूलभूत सुविधाएं प्रदत्त कराए जाने के साथ-साथ वहां स्थापित की गई सभी टिकट खिड़कियों के माध्यम से रेलवे टिकट बांटने की सुविधा अविलंब उपलब्ध करवाई जाए।